Business Standard (Hindi)

SPML Infra ko naye order mile

Date: 29/08/2013 | Edition: Delhi | Page: 4 | Source: Wire | Clip size (cm): W: 9 H: 7

एसपीएमएल इन्फ्रा को नए ऑर्डर मिले

बुनियादी ढांचा विकास कंपनी एसपीएमएल इन्फ्रा लि. को बिहार और राजस्थान से विभिन्न कार्यों के लिए 1,802 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले हैं। इनमें ग्रामीण विद्युतीकरण और जलापूर्ति कार्य भी शामिल हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'एसपीएमएल इन्फ्रा लि. को दक्षिण बिहार बिजली वितरण (एसबीपीडीसीएल) तथा जन स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग, राजस्थान से 1,802.10 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले हैं। एसपीएमएल इन्फ्रा ने कहा कि एसबीपीडीसीएल से मिले दो ऑर्डर पटना और गया जिलों में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत ग्रामीण विद्युतीकरण परियोजनाओं के लिए हैं। इसके अलावा तीन ऑर्डर कोटा, अजमेर तथा भरतपुर के जन स्वास्थ्य इंजीनियरिंग विभाग से जलापूर्ति योजनाओं के हैं। इससे झालावाड़, अजमेर तथा भरतपुर जिलों के 445 से अधिक गांवों को फायदा होगा।

भाषा